हॉर्मुज तनाव से तेल कीमतें बेकाबू

ब्रेंट क्रूड की कीमत 120 डॉलर के पार

वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संकट गहराया

नई दिल्ली, 30 अप्रैल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन तेज कर दी है. हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच टकराव अब खुलकर सामने आ चुका है, जिसका सीधा असर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजार पर दिखा. गुरुवार को ब्रेंट क्रूड की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई, जिससे ऊर्जा बाजारों में हड़कंप मच गया.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक ईरान उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिकी शर्तों को नहीं मानता, तब तक हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी. ट्रंप ने इस कदम को ईरान पर दबाव बनाने का सबसे असरदार हथियार बताते हुए कहा कि यह सैन्य कार्रवाई से भी अधिक प्रभावी साबित हो रहा है.

दरअसल, हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम तेल आपूर्ति मार्गों में गिना जाता है, जहां से वैश्विक कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा गुजरता है. ऐसे में यहां किसी भी तरह की रुकावट का मतलब है—पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई पर खतरा और कीमतों में बेकाबू उछाल. यही वजह है कि ट्रंप के बयान के तुरंत बाद बाजारों में घबराहट फैल गई और निवेशकों ने तेजी से खरीदारी शुरू कर दी.

रुपया में ऐतिहासिक गिरावट

भारतीय रुपये में हालिया दिनों में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिसने इसे डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंचा दिया है. यह गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर कई स्तरों पर असर डालने वाला संकेत है. वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें इसका सबसे बड़ा कारण मानी जा रही हैं, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है. इसके अलावा विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय बाजार से पूंजी निकालना और अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने रुपये पर दबाव और बढ़ा दिया है.

टाटा पावर-केप्पल चेन्नई में कूलिंग सेवा लागू

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल बिजली कंपनी टाटा पावर ने चेन्नई के इनटेलियन पार्क में कूलिंग-एज-ए-सर्विस समाधान लागू करने के लिए केप्पल लिमिटेड के इंफ्रास्ट्रक्चर डिविजन के साथ हाथ मिलाया है.

टाटा पावर अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (टीपीटीसीएल) के जरिये यह समाधान लागू करेगी. इनटेलियन पार्क का स्वामित्व इंफोपार्क प्रोपर्टीज लिमिटेड के पास है जो टाटा रियलटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (टीआरआईएल) की इकाई है. यह 25.27 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) और गैर-सेज दोनों शामिल हैं. यह तारामणि के आईटी कॉरिडोर में रणनीतिक रूप से स्थित है.

नई अर्थव्यवस्था में बदलनी होगी रणनीति

संरक्षणवाद से 'सावधानी नीति' की ओर रुख



नई दिल्ली, 30 अप्रैल बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच विश्व व्यापार संगठन की भूमिका और प्रासंगिकता को लेकर गंभीर बहस तेज हो गई है.

पूर्व महानिदेशक पास्कल लैमी ने स्पष्ट कहा है कि तेजी से बदल रहे वैश्विक व्यापार ढांचे के अनुरूप डब्ल्यूटीओ को अपने नियमों, प्रक्रियाओं और संस्थागत ढांचे में व्यापक सुधार करना होगा.

नई दिल्ली में आयोजित एक उच्च स्तरीय चर्चा में लैमी ने कहा कि दुनिया अब पारंपरिक संरक्षणवाद से आगे बढ़कर 'सावधानी आधारित नीति' की ओर बढ़ रही है. इसका मतलब यह है कि देश अब केवल अपने उद्योगों को बचाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन और रणनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए सख्त व्यापार नियम लागू कर रहे हैं. यह चर्चा चिंतन रिसर्च फाउंडेशन और कट्स इंटरनेशनल द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें कई प्रमुख नीति विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदीप एस. मेहता ने डब्ल्यूटीओ की हालिया मंत्रीस्तरीय बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें कोई बड़ा निर्णय नहीं निकल पाया, जिससे संगठन की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

सत्र की अध्यक्षता करते हुए शशि थरूर ने कहा कि वैश्विक व्यापार इस समय एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है. देशों के बीच भरोसा घट रहा है और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है. ऐसे में डब्ल्यूटीओ को अपनी भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करना होगा, ताकि वह वैश्विक व्यापार को संतुलित और स्थिर बनाए रख सके. वहीं, अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा कि डब्ल्यूटीओ से हर समस्या के समाधान की उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं है. उन्होंने सुझाव दिया कि देशों को अपनी व्यापार नीतियों को अधिक लचीला और परिस्थितियों के अनुसार बनाना चाहिए.

मिडिल ईस्ट तनाव, फेड ने दरें रोकी

ब्याज दर 3.5-3.75% पर बरकरार

नई दिल्ली, 30 अप्रैल मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और ऊर्जा कीमतों में तेजी के बीच फेडरल रिजर्व (फेड) ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया है. फेड ने अपनी बेंचमार्क दर 3.5 से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखी है, जो बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच सतर्क रुख को दर्शाता है.

फेड चेयर जेरोम पॉवेल ने कहा कि केंद्रीय बैंक रोजगार बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित रखने के अपने दोहरे लक्ष्य पर फोकस बनाए हुए है, भले ही महंगाई अभी भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है. उन्होंने स्वीकार किया कि मिडिल ईस्ट संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है, जिससे महंगाई पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है. पॉवेल के मुताबिक, अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत स्थिति में है. उपभोक्ता खर्च और कारोबारी निवेश में मजबूती बनी हुई है, हालांकि नौकरी वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई है और हाउसिंग सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना हुआ है. उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में जल्दबाजी में कोई नीति बदलाव करना उचित नहीं होगा और आगे के फैसले आर्थिक आंकड़ों और जोखिमों को देखते हुए लिए जाएंगे.

महंगाई के ताजा आंकड़े भी चिंता बढ़ाने वाले हैं. मार्च तक 12 महीनों में कुल पीसीई महंगाई 3.5 प्रतिशत रही, जबकि कोर महंगाई 3.2 प्रतिशत पर दर्ज की गई. तेल कीमतों में उछाल इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है.

फेड ने यह भी माना कि मिडिल ईस्ट का मौजूदा संकट वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में 'उच्च स्तर की अनिश्चितता' पैदा कर रहा है. हालांकि, इसका असर सभी देशों पर समान नहीं है. पॉवेल के अनुसार, अमेरिका पर इसका प्रभाव यूरोप और एशिया की तुलना में कम है, क्योंकि ये क्षेत्र ऊर्जा आयात पर अधिक निर्भर हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि पेट्रोल की बढ़ती कीमतें उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे अन्य क्षेत्रों में खर्च घट सकता है. हालांकि, अभी तक उपभोक्ता खर्च में किसी बड़ी गिरावट के संकेत नहीं मिले हैं.

एआई से अल्फाबेट की कमाई हुई तेज

नई दिल्ली, 30 अप्रैल टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अल्फाबेट इंक ने अपनी ताज़ा तिमाही रिपोर्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बाज़ार के अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है. कंपनी की तेज़ प्रगति के पीछे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती मांग और क्लाउड सेवाओं का विस्तार प्रमुख कारण रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी का कुल राजस्व 22 प्रतिशत बढ़कर 109.9 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो उम्मीद से अधिक है.

कंपनी की क्लाउड इकाई (गूगल क्लाउड) ने इस तिमाही में बेहतरीन प्रदर्शन किया. इसका राजस्व 63 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया. यह वृद्धि मुख्य रूप से एंटरप्राइज ग्राहकों द्वारा एआई आधारित सेवाओं को तेजी से अपनाने के कारण हुई है. कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने कहा कि एंटरप्राइज एआई अब क्लाउड कारोबार का सबसे बड़ा ग्रोथ ड्राइवर बन गया है. अल्फाबेट ने पहली बार अपने टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट टीपीयू चप्स को सीधे ग्राहकों को बेचना शुरू किया है. ये चिप्स एआई कंप्यूटिंग के लिए उपयोग किए जाते हैं और बाज़ार में एनवीडिया के उत्पादों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं. इस कदम से कंपनी को नए आय स्रोत मिलने की उम्मीद है.

कंपनी ने अपने पूंजीगत खर्च का अनुमान बढ़ाकर 180 से 190 अरब डॉलर कर दिया है, जिससे साफ है कि वह एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश की तैयारी कर रही है. क्लाउड इकाई का संचालन मुनाफा 6.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि कुल शुद्ध आय 81 प्रतिशत बढ़कर 62.6 अरब डॉलर हो गई है.

प्रतिस्पर्धा के बीच अमेज़न वेब सर्विसेज और माइक्रोसॉफ्ट एज्योर जैसी कंपनियों के सामने अल्फाबेट का यह प्रदर्शन दिखाता है कि एआई अब कंपनी की ग्रोथ का सबसे बड़ा आधार बन चुका है. कुल मिलाकर, यह रिपोर्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में एआई और क्लाउड तकनीक कंपनी की कमाई का मुख्य स्रोत बनी रहेंगी.

शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज

नई दिल्ली, 30 अप्रैल. घरेलू शेयर बाजारों में आज उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिली, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई. प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 582.86 अंकों की गिरावट के साथ 76,913.50 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी-50 भी 180.10 अंक टूटकर 23,997.55 पर आ गया. बाजार की इस कमजोरी के पीछे वैश्विक संकेतों की नकारात्मकता, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और प्रमुख सेक्टरों में दबाव को मुख्य कारण माना जा रहा है. आईटी, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में खासा दबाव देखा गया, जिससे बाजार पर व्यापक असर पड़ा. वहीं, कुछ चुनिंदा एफएमसीजी और फार्मा शेयरों ने मामूली सहारा देने की कोशिश की, लेकिन यह गिरावट को थामने के लिए पर्याप्त नहीं रहा. विश्लेषकों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता, ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने निवेशकों के रुख को सतर्क बना दिया है.

विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार निकासी भी बाजार पर दबाव बना रही है, जबकि घरेलू निवेशकों की खरीदारी इस गिरावट को संतुलित नहीं कर पा रही. आने वाले दिनों में बाजार की दिशा वैश्विक संकेतों, आर्थिक आंकड़ों और कॉर्पोरेट नतीजों पर निर्भर करेगी. फिलहाल निवेशकों को सतर्क रहने और सोच-समझकर निवेश करने की सलाह दी जा रही है.

एचएफसीएल को चौथी तिमाही में 184 करोड़ रुपये का मुनाफा

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल दूरसंचार, डिजिटल अवसंरचना और रक्षा क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी एचएफसीएल का समेकित शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 184.45 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले समान तिमाही में उसे 83.30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था. कंपनी ने गुरुवार को घोषित वित्तीय परिणामों के बारे में कहा है कि यह अब तक उसका सबसे मजबूत वित्तीय प्रदर्शन है.

स्मार्ट बाजार का 'फुल पैसा वसूल'

मुंबई 30 अप्रैल. स्मार्ट बाजार का 'फुल पैसा वसूल' इवेंट महीने की शुरुआत में बड़ी बचत का मौका लेकर आया है।

ज्यादातर भारतीय घरों के लिए महीने की शुरुआत वह समय होता है जब घर की सारी जरूरी खरीदारी की जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट बाजार ने यह खास इवेंट शुरू किया है, जो 29 अप्रैल से 3 मई तक चलेगा। यह ग्राहकों के लिए घर का सामान एक साथ खरीदने और ज्यादा बचत करने का सही समय है।

इन 5 दिनों में ग्राहक रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे आटा, चावल, दाल, खाने का तेल और रसोई व घर की दूसरी जरूरतों पर शानदार ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। ये वही चीजें हैं जो हर महीने खरीदी जाती हैं और बजट का बड़ा हिस्सा होती हैं। इसका मकसद यह है कि परिवार अपनी जरूरी खरीदारी पर ज्यादा से ज्यादा बचत कर सकें। ये ऑफर्स आसान और साफ हैं—कीमतों में सीधी छूट और वैल्यू डील्स के साथ, ताकि ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो। वे आसानी से देख सकते हैं कि कौन

सी चीज सस्ती है और अपनी जरूरत के अनुसार सही सामान चुन सकते हैं। स्मार्ट बाजार में ग्राहक अपनी पूरे महीने की खरीदारी एक ही जगह पर कर सकते हैं और यह भरोसा रख सकते हैं कि उन्हें अपने पैसे का पूरा फायदा मिल रहा है।

'फुल पैसा वसूल' का मकसद बहुत सरल है—जब भी आप खरीदारी करें, तो आपको लगे कि आपने सच में बचत की है।

कैंपेन लाइन:

'स्मार्ट बाजार का एक ही उसूल, हमेशा करेंगे फुल पैसा वसूल।'

पीएफ निकासी एटीएम और यूपीआई से तुरंत

नई दिल्ली, 30 अप्रैल कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) से पैसा निकालने की प्रक्रिया अब पहले से कहीं ज्यादा आसान और तेज होने वाली है. केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए संस्करण ईपीएफओ 3.0 पर काम कर रही है, जिसके जरिए निकासी को पूरी तरह डिजिटल और रियल टाइम बनाया जाएगा.

इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद कर्मचारी एटीएम कार्ड या यूपीआई के माध्यम से अपने पीएफ का एक हिस्सा तुरंत निकाल सकेंगे.

अभी तक पीएफ से पैसा निकालने के लिए ऑनलाइन क्लेम करने के बाद भी 3 से 10 दिन का समय लग जाता है. लेकिन ईपीएफओ 3.0 के तहत इस प्रक्रिया को पूरी तरह स्वचालित बनाया जाएगा, जिससे पैसा कुछ ही मिनटों में खाते में आ सकेगा. यह कदम करोड़ों कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है. नई प्रणाली में पीएफ खाते को सीधे बैंक खाते से जोड़ा जाएगा. इससे कर्मचारी का बैलेंस और निकासी की जानकारी तुरंत अपडेट होती रहेगी.

पश्चिम रेलवे - भावनगर मण्डल

एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EOI)

जुनागढ रेलवे स्टेशन अंतर्गत फुट कोर्ट एवं पार्टी प्लॉट/बेंकवेट हॉल का विकास और संचालन

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), भावनगर मण्डल, पश्चिम रेलवे **जुनागढ (JND) रेलवे स्टेशन अंतर्गत फुट कोर्ट एवं पार्टी प्लोट/बेंकवेट हॉल का विकास और संचालन** के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित करते है। **कुल उपलब्ध भूमि क्रमश: 668 वर्ग मी. और 7500 वर्ग मी. है।**

EOI सं. सीए-11ईए--पार्टी प्लोट/बेंकवेट हॉल-जुनागढ (740249) **EOI अपलोडिंग की तारीख:** दिनांक : 29/04/2026 **प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तारीख और समय:** दिनांक : 01/06/2026 को 15:00 बजे **EOI दस्तावेज उपलब्ध :** पश्चिम रेलवे की वेबसाईट **https://wr.indianrailways.gov.in**

कार्यालय का पता : वरि. मण्डल वाणिज्यिक प्रबंधक का कार्यालय, पश्चिम रेलवे, भावनगर परा मण्डल, वाणिज्यिक विभाग, मंरेप्र कार्यालय, गढेची वडला, RTO सर्कल के पास, भावनगर परा, भावनगर, गुजरात-364003

BVP-015

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

MOIL LIMITED
(A Government of India Enterprise)
MOIL BHAWAN, 1-A, KATOL ROAD, NAGPUR - 440 013
Website: www.moil.nic.in, E-mail: compliance@moil.nic.in
Telefax: 0712-2591661, CIN: L99999MH1962GOI012398

Extracts of audited financial results for the quarter and year ended 31st March, 2026

(₹ in lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 31.03.2026 Audited	Quarter ended 31.03.2025 Audited	Year ended 31.03.2026 Audited	Year ended 31.03.2025 Audited
1.	Total income from operations	44449.08	43339.02	147283.82	158494.09
2.	Net Profit/(loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	11435.24	12523.54	33784.01	48678.21
3.	Net Profit/(loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	11435.24	12523.54	33784.01	48678.21
4.	Net Profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	9261.30	11565.09	26747.97	38163.71
5.	Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	6435.63	5253.24	21256.84	31851.56
6.	Equity share capital (Face value of ₹10 each)	20348.52	20348.52	20348.52	20348.52
7.	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet	250576.29	243441.32	250576.29	243441.32
8.	Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each) Basic	4.55	5.68	13.14	18.76
	Diluted	4.55	5.68	13.14	18.76

Notes:
1. The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 29th April, 2026 and have been reviewed by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
2. The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and year ended 31st March, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and on the Company's website (**www.moil.nic.in**).
3. MOIL has no subsidiary/associate/joint venture company as on 31st March, 2026.
4. Previous period's figures have been regrouped/reclassifed, wherever necessary to make them comparable. The figures for the quarter ended 31st March, 2026/2025 are balancing figures between the audited figures of full year and reviewed figures upto 31st December, 2025/2024.

Scan QR Code for detailed Results

Place: Nagpur
Date : 29th April, 2026

For MOIL Limited
Sd/-
Vishwanath Suresh
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 10059734

हर एक काम, देश के नाम ▪ MOIL - Adding Strength to Steel

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय: 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, ईसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051
पंजीकृत कार्यालय: कॉमसॉन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]

चूँकि अधोहस्ताक्षरी, एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी [राष्ट्रीय आवास बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली) के साथ विधिवत पंजीकृत] (जिसे आगे "एसएमएचएफसी" कहा जाएगा) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित दिनांकित मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें आपसे, उधारकर्ताओं के रूप में, (नीचे उल्लिखित नाम) उक्त सूचना में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज की राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को, एतद्वारा उक्त संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन "SMHFC" के प्रभार के अधीन होगा यहाँ उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए।

स. क्रं.	उधारकर्ता (एस)/ गारंटर (एस) का नाम लैन	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति)	डिमांड नोटिस दिनांक और राशि	कब्जा की तिथि
1	लैन :- 604407510234796 और 604407210223918 1. मोहम्मद जावेद अख्तर (मृतक) सभी कानूनी वारिसों के माध्यम से मेहरूनिशा अख्तर (सह-ऋणकर्ता और कानूनी वारिस) 2. मेहरूनिशा अख्तर (सह-ऋणकर्ता और कानूनी वारिस) 3. मेसर्स मून मार्क जेंट्स ब्यूटी पार्लर	इंद्र आश्रय गृह, मध्य प्रदेश आवास बोर्ड करोंद, नगर पालिका वार्ड संख्या 69, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित मकान संख्या 803-ए की पूरी संपत्ति। इसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट है। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में भूखंड, पश्चिम में 20 फुट चौड़ी सड़क, उत्तर में सड़क और दक्षिण में मकान संख्या 804।	20.02.2026 रु. 27,66,683.43 (सत्ताईस लाख छियासठ हजार छह सौ तेरासी और तिरतालीस पैसे मात्र) 09.02.2026 तक	28.04.2026

स्थान: भोपाल, मध्य प्रदेश
दिनांक: 28.04.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi
संगीत, नृत्य एवं नाटक की राष्ट्रीय अकादेमी

unesco

संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली
(संगीत, नृत्य एवं नाटक की राष्ट्रीय अकादेमी)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्था

आवेदन आमंत्रित

सांस्कृतिक विविधता के लिए अंतरराष्ट्रीय फंड
17 वाँ संस्करण

यूनेस्को के सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की विविधता के संरक्षण और संवर्धन पर केन्द्रित 2005 कन्वेंशन के अनुरूप स्थापित सांस्कृतिक विविधता के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष (आईएफसीडी) के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित है।

कौन आवेदन कर सकता है: सार्वजनिक प्राधिकरण, संस्थान और गैर-सरकारी संगठन

परियोजना के क्षेत्र: क्षमता निर्माण, सांस्कृतिक मानचित्रण, नीति विकास, उद्यमिता सहायता और सांस्कृतिक उद्योगों का सुदृढ़ीकरण

फंडिंग: अधिकतम 100,000 अमेरिकी डॉलर तक
अवधि: 12–24 महीने
अंतिम तिथि: 6 मई (दोपहर 12:00 बजे, पेरिस समय)

आवेदन प्रक्रिया:
- पोर्टल पर पंजीकरण
- पुष्टि की ईमेल पर प्राप्ति
- इनकॉग्निटो मोड में लिंक को खोलें
- आवेदन प्रपत्र को भरें और जमा करें

ऑनलाइन आवेदन:
www.unesco.org/creativity/ifcd

(Scan QR code to access application portal)

सम्पर्क (पूछताछ के लिए): ich@sangeetnatak.gov.in

@sangeetnatak @sangeetnatak @sangeetnatak @sangeetnatakakademi www.sangeetnatak.gov.in

CBC 09114/11/0001/2627

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर जिला सीहोर म.प्र.
ई-निविदा सूचना
मध्यप्रदेश शासन
प्रथम आमंत्रण

एनआईटी/1840/पीडब्ल्यूडी शा./ई-टेंडर/2026 **सीहोर, दिनांक 30/4/2(**

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडों को पूरा करती हों ऑनलाइन बोली आमंत्रित हैं :-

क्र.	क्र.स./पैकेज	आपूर्तियां	संभावित राशि	अमानत राशि	निविदा शुल्क	समयावधि
1.	2026_UAD_502356_1	Construction and Installation of Rain Water Harvesting System Multiple Places Under Municipal Council Sehore.	1775750/-	17800/-	2000/-	12 माह

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते हैं.
2. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 11.00 (time) 1/5/2026 to 17.30 (time) 6/6/2026 तक ऑनलाइन क्रय कि सकते हैं.
3. एनआईटी में संशोधन, यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं.

(विकास प्रिंस राठौर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, सीहोर

(सुधीर कुमार)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, सीहोर